# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के रायबरेली, गोरखपुर और मेरठ एम्स सहित देश को बारह हजार आठ सौ पचास करोड़ से अधिक लागत की स्वास्थ्य सुविधाओं की देंगे सौगात।
- प्रधानमंत्री आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देश के इक्यावन हजार चयनित युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र। प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी, बरेली और गोरखपुर में आयोजित किया जायेगा रोजगार मेला।
- सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद में रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- अयोध्या में तीन दिवसीय भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम की हुई शुरूआत, पहले दिन सरयू आरती, लेजर और ड्रोन शो का हुआ आयोजन।
- प्रदेश में आज धूमधाम से मनाया जा रहा धनतेरस का पर्व।

**********

धनवंतरि जयंती और नौंवे आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान–एम्स में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी 12 हजार 850 करोड़ से अधिक लागत वाली कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं के अंतर्गत रायबरेली, गोरखपुर और मेरठ एम्स भी लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। पेश है एक रिपोर्ट–

***श्री मोदी कल आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिये स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का शुभारम्भ करेंगे। इस योजना से साढ़े चार करोड़ परिवारों के लगभग 6 करोड़ नागरिकों को सूचीबद्ध अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री यू–बिन पोर्टल का शुभारम्भ करेंगे। यह पोर्टल टीकाकरण प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाकर गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभान्वित करेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री 11 स्वास्थ्य संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ भी करेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले का एम्स संस्थान भी शामिल है। श्री मोदी गोरखपुर के एम्स अस्पताल में कई सुविधाओं और मेरठ में 150 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सौ बेड वाले एक अस्पताल की आधारशिला भी रखेंगे। मेरठ में इस अस्पताल के बनने से जिले के 2 दो लाख 85 हजार बीमित कामगारों और उनके आश्रितों को चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। आकाशवाणी लखनऊ समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, बरेली और गोरखपुर समेत देशभर में 40 स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री रोजगार मेले को संबोधित भी करेंगे। लखनऊ में रोजगार मेला इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने के प्रति प्रधानमंत्री की वचनबद्धता का दर्शाता है।

**********

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान कल वाराणसी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू के 13वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। इस दौरान श्री प्रधान ने विभिन्न विषयों के एक हजार 954 स्नातकों को डिग्री प्रदान की। वहीं शिक्षा और नेतृत्व में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिये 60 असाधारण छात्रों को पदक प्रदान किये। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने संस्थान की शोध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज देश में हर क्षेत्र में हो रही तरक्की में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। दीक्षांत समारोह में बोर्ड ऑफ गर्वनर के चेयरमैन पद्मश्री डॉ0 कोटा हरि नारायण, संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में कथित रूप से एक युवक की पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु के मामले में मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेश शुक्ला भी मौजूद रहे। योगेश शुक्ला ने आकाशवाणी को बताया कि मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है।

***परिवार को कोई तकलीफ न हो, ये जिम्मेदारी हम लोगों की बनती है। जांच के भी आदेश दे दिये है मजिस्ट्रेटियल जांच होगी। आवास दिया जायेगा, पढ़ाई की व्यवस्था होगी, पत्नी जिस दिशा में आगे बढ़ना चाहेगी व्यापार के क्षेत्र में उनको पूरे तरीके से व्यापार में तत्काल सहयोग दिया जायेगा।***

**********

प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की तिथि समाप्त होने के बाद सभी राजनैतिक दलों ने अपनी गतिविधियां तेज़ कर दी हैं। विधानसभा उपचुनाव की 9 सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल से प्रारंभ हो गई है। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। इन सीटों पर मतदान 13 नवम्बर को होगा।

**********

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने धनतेरस, दीपावली, गोवर्धनपूजा और भाईदूज के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व परिवार और समाज के साथ मिलकर एकजुटता प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का अवसर है।

**********

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को होने वाली रन फॉर यूनिटी इस बार 29 अक्टूबर यानी आज आयोजित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार को मन की बात कार्यक्रम में इस बात की घोषणा की थी। लखनऊ में रन फॉर यूनिटी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज सुबह 9:00 बजे झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह दौड़ मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग से शुरू होकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर जाकर समाप्त होगी। कार्यक्रम में प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। रन फॉर यूनिटी के चलते यातायात में परिवर्तन किया गया है। कार्यक्रम की समाप्ति तक यह परिवर्तन प्रभावी रहेगा।

**********

अयोध्या में तीन दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत कल से हो गई है। सरयू के 55 घाटों पर 28 लाख से अधिक दीये बिछाए गए हैं। अयोध्या के सभी प्रवेश मार्गो पर विशेषकर रामपथ को फूलों और रंगबिरंगी बिजली की झालरों से सजाया गया है। दीपोत्सव की शुरूआत कल शाम दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ–साथ सरयू आरती, लेजर और ड्रोन शो के प्रदर्शन के साथ हुई। ड्रोन शो में रामायण कालीन चित्रों का प्रदर्शन किया गया। दूसरी तरफ सरयू किनारे आरती स्थल पर 1100 पुरोहितों ने एक साथ आरती करने का पूर्वाभ्यास किया। सरयू आरती स्थल को 7 ब्लॉकों में बांटकर बाकायदा नंबरिंग की गई है। इस नंबरिंग के अनुसार संत महंत और बटुक खड़े होंगे और एक साथ आरती करने का कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

**********

मेरठ में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा स्वाभिमान सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया, प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ0 सोमेन्द्र तोमर सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में अपने संबोधन में केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि हमारे क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिये अपनी शहादत दी थी।

***मेरठ क्रांतिकारी की धरती है यहां से ही कोतवाल धर्म सिंह जी जैसे क्रांतिकारी हुए, जिन्होंने अपनी स्वयं की शहीदी देकर के देश में आजादी की चिंगारी दी थी। उनसे प्रेरणा लेकर के हम देश को बनाने के लिये देश को बनाने के लिये और नया भारत भारत बनाने के लिये मोदी जी के संकल्प को साकार करने की कोशिश करे।***

**********

धनतेरस का पर्व आज श्रद्धा और भक्ति के माहौल में प्रदेश भर में मनाया जा रहा है। मान्यता है कि धनतेरस के अवसर पर कुबेर महाराज की उपासना से धन, सुख, संपन्नता का वरदान प्राप्त होता है। इस दिन मूल्यवान धातुओं और नए बर्तनों की खरीदारी शुभ मानी जाती है। वाराणसी में धनतेरस पर्व आज सुबह पांच बजे से माता अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन होना प्रारंभ हो गया है। माता के दरबार में लगातार पांच दिनों तक सिक्का, धान का लावा रूपी खजाना श्रद्धालुओं को मंदिर प्रबंधन की ओर दिया जा रहा है। मंदिर प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं।

**********

त्योहारों के दृष्टिगत प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कल वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दिवाली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग है। धनतेरस पर देर रात तक बाजारों में भीड़ के मद्देनज़र सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। सादी वर्दी में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाए। बाजारों में एंटीरोमियों स्क्वाड को भी सक्रिय रखा जाए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अधिक से अधिक संख्या में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त करें।

**********